तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

14 गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल आयोजन



13 तीन पंडों ने मिलकर की मां दुर्गा की सेवा, भक्तिमय ...





## खबर संक्षेप

### बस की ठोकर से मोटर सायकिल सवार युवक घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** बस चालक द्वारा लापरवाही पूर्व चलाते हुए मोटर सायकल सवार युवक को ठोकर मार दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद परिजन द्वारा वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है, जिसमे पुलिस ने 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम दुग्गाबाहरा थाना गुरूर निवासी सीताराम कुरैटी ने पुलिस को बताया कि 27 सितंबर को शाम करीबन 05 बजे मेरा ग्राम अलोरी थाना पुरूर निवासी भांजा दुर्गेश सलाम पिता स्व0 अजीत राम सलाम 19 वर्ष जो मेरी बेटी ज्योति कुरैटी को हास्टल से मेरे घर ग्राम दुग्गाबाहरा छोड़ने आया था, जो वापस अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी 9006 से अपने घर ग्राम अलोरी जा रहा था, तभी 27 सितंबर के शाम करीबन 05.15 बजे ग्राम मुजालगोंदी एनएच0 30 स्कूल के सामने में चारामा की ओर से आ रही अज्ञात बस के चालक द्वारा अपने बस को तेजगति चलाकर मेरे भांजा दुर्गेश सलाम के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे भांजा के दोनो पैर जांघ में चोट लगा है। जिसे निजी हास्पिटल धमतरी में ईलाज हेतु भतएँ किये है।

### दुकान का ताला तोड़कर 47200 रूपये की चोरी

**बालोद।** सामानो की डिलिवरी करने वाले समिति के कार्यालय मे रखे 47200 रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा देर रात चोरी कर लिया गया, जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बडगांव निवासी गिरीश कुमार ने पुलिस को बताया कि श्रद्धा लौजिस्ट डौण्डीलोहारा फ्लीपकार्ट में टीम लीडर का काम करता हुं। डौण्डीलोहारा से संबलपुर रोड मे डिलीवरी हब संचालित है जहां मैं व रवि कुमार टीम लीडर है। 7 डिलीवरी बॉय काम करते है। 30 सितंबर के रात्रि करीबन 09 बजे डिलवरी बॉय के द्वारा टोटल 47200 रूपये कलेक्शन कर मेरे पास दिये थे। जिसे मैं दुकान के अन्दर रखे आलमारी के लॉकर में रखा था। उसके बाद मैं दुकान का सटर बंद कर ताला लगाकर अपने घर ग्राम बडगांव चला गया था। 01 अक्टूबर के रात्रि करीबन 02.30 बजे रायपुर सिपमेंट वाले गाडी का ड्रायवर मुझे फोन करके बताया कि गाडी डौण्डीलोहारा पहुंच चुका है। किसी व्यक्ति को भेज दो। फिर मैं रवि को फोन करके दुकान डौण्डी लोहारा में भेजा तो थोडी देर बाद रवि ने मुझे फोन करके बताया कि दुकान का ताला टुटा हुआ है अन्दर जाकर देखा तो आलमारी खुला हुआ था वहां रखे 47200 रूपये नहीं है। तब मैं जाकर देखा तो आलमारी के अन्दर रखे नगद 47200 रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा दुकान का ताला तोडकर दुकान अन्दर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है।

# 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन, किया भगवान श्रीराम का यशगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विजयादशमी का पर्व शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परंपरा के अनुरूप बीएसपी फुटबॉल ग्राउंड में दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर दोपहर से ही लोगों की आवाजाही शुरू हो गई थी, वहीं शाम ढलते ही पूरा मैदान जनसैलाब में बदल गया। बच्चों, महिलाओं और युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत धार्मिक अनुष्ठानों और पूजन के साथ हुई। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। मंच से लगातार रामायण के प्रसंगों का मंचन और भजनों की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और ऊर्जावान बना रहा। जैसे ही निर्धारित समय पर आकर्षक आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। आतिशबाजी के धमाकों और संगीत की तालियों के बीच रावण के विशालकाय पुतले को अग्नि के हवाले किया गया। पुतले के जलते ही भीड़ से जोरदार जयकारे गूंजे – "जय श्रीराम" के नारों से मैदान और पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। इस दौरान प्रशासनिक तैयारियां भी काबिल-ए-तारीफ रहीं। पुलिस, नगर पालिका और अन्य विभागों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकियां देखने उमड़ी भीड़



### आकर्षक आतिशबाजी हुई

दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार रावण का पुतला विशेष रूप से आकर्षक स्वरूप में तैयार किया गया था, जिसकी ऊंचाई करीब 30 फीट रही। पुतले में आधुनिक आतिशबाजी और विशेष पटाखों का उपयोग किया गया, जो जलते ही चारों ओर रोशनी और धमाकों की गूंज से रोमांचक दृश्य प्रस्तुत करने लगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। समाचार लिखे जाने तक देर रात तक माहौल उल्लासमय रहा और लोग बुराई पर अच्छाई की विजय के इस पर्व को यादगार बना कर घर लौटे। दल्लीराजहरा का यह दशहरा उत्सव हर बार की तरह इस बार भी भव्यता और शांति के साथ संपन्न हुआ, जिसने एक बार फिर समाज को सद्भाव, एकता और धर्मनिष्ठा का संदेश दिया।

### ग्रामीणों ने तार टूटने की जानकारी दी थी बिजली विभाग को, बावजूद विभाग ने बरती लापरवाही

# टूटे बिजली तार की चपेट में आने से बच्चे की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कारूटोला में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा हो गया। विद्युत लाइन के टूटे तार की चपेट में आने से कक्षा चौथी में पढ़ने वाले 10 वर्षीय बालक दक्ष कुमार उईके की मौत हो गई।

बताया गया है कि मृतक दक्ष कुमार उईके अपने साथियों के साथ खेल रहा था। खेलते हुए वह पानी से भरे एक छोटे गड्ढे के पास पहुंचा, जहां बिजली का तार टूटा हुआ पड़ा था। करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत राजहरा के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने विगत कई दिनों से विद्युत लाइन के तार टूटने की शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की थी, लेकिन लापरवाही बरतते हुए टूटे तारों को खुला छोड़ दिया गया, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। विद्युत विभाग की लापरवाही से आक्रोशित महिलाएं, पुरुष और युवा शाम लगभग 5 बजे मानपुर चौक में मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर धरने पर बैठ गए। ग्रामीण विद्युत विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों पर दंडनात्मक कार्रवाई, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा के साथ एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। मुख्य मार्ग बंद होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। चक्काजाम की सूचना मिलते ही तहसीलदार देवेंद्र नेताम, सीएसपी चित्रा वर्मा, और विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार ठाकुर सहित प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।



### समझौते बाद समाप्त हुआ आंदोलन

प्रशासन और ग्रामीणों के बीच समझौता होने पर लगभग दो घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। समझौते में दोषी विद्युत विभाग के कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिजनों को चार लाख की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। उक्त प्रकरण में न्यायालय राजहरा के फैसले को विद्युत विभाग मान्य करेगा। मृतक के परिजन को दाह संस्कार हेतु 25 हजार रुपए नगद आर्थिक सहायता तुरंत प्रदान की गई। समझौता पत्र पर तहसीलदार और कनिष्ठ अभियंता के हस्ताक्षर होने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया, जिससे मार्ग पर आवागमन फिर से शुरू हो सका। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि तुलसी मरकाम (सरपंच) उपस्थित थे।

# महिला की हत्या कमरे में मिला देवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर के वार्ड 17 में गुरुवार की रात एक महिला की रहस्यमयी परिस्थितियों में हत्या हो गई। मृतका की पहचान शीतल सेंदरे के रूप में हुई है, जो शासकीय 100 बिस्तर अस्पताल में संविदा कर्मचारी के रूप में सफाई कार्य करती थी। बताया जा रहा है कि महिला के पति की कुछ समय पूर्व ही मृत्यु हो चुकी थी और वह अपने 5 वर्षीय बच्चे के साथ किराए के मकान में रहती थी। सूत्रों के अनुसार मृतका का देवर अमन सेंदरे घटना के वक्त भी उसके साथ घर में मौजूद था। दो दिनों से वह महिला के साथ रह रहा था।

गुरुवार को जब मृतका की मां घर पहुंची तो युवक ने दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया। संदेह की स्थिति में मोहल्लेवासियों की मदद से दरवाजा खुलवाया गया। अंदर का नजारा देख लोग दंग रह गए। शीतल का शव कमरे में पड़ा हुआ था, चेहरे पर खून के निशान थे और उसे कंबल से ढककर रखा गया था। वहीं कमरे से शराब की सात-आठ खाली बोतलें भी बरामद हुईं। अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना एक दिन पूर्व की हो सकती है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक अमन सेंदरे को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने पूरे कमरे को सील कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को फॉरेंसिक टीम के आने के बाद घटनास्थल की बारीकी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### हरकत में आया प्रशासन

स्थिति बिगड़ने से रोकने के लिए मौके पर दल्लीराजहरा सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, नायब तहसीलदार और बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत शुरू की और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मृतक परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

### गांव में पसरा मातम

हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बच्चे की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक इस तरह की लापरवाही मासूम जिंदगियों को निगलती रहेगी।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक चालक की मौत, दोस्त गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रानीमाई मार्ग पर तालगांव के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक गजानंद ढीमर 32 वर्ष निवासी ग्राम सिवनी और घायल गगन कुंजाम 23 वर्ष के बताये जा रहे हैं।

गजानंद ढीमर अपने दोस्त गगन कुंजाम के साथ बाइक से घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक गजानंद के ऊपर बाइक पलट गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा गगन कुंजाम उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का इलाज वर्तमान में जिला अस्पताल बालोद में जारी है। बताया जा रहा है कि मृतक गजानंद ढीमर ने कुछ माह पहले ही किस्तों पर बाइक खरीदी थी। गजानंद घर में अपनी बुजुर्ग मां और दो छोटे बच्चों के साथ रहते थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से अब परिवार के पालन-पोषण की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत



**डौंडीलोहारा।** ग्राम अंडी के तिराहा चौक भाठापारा में एक 14 चक्का ट्रक की चपेट में आने से ग्राम की महिला पंचबती बाई पटेल पति दिलवाया पटेल 45 वर्ष की मौत हो गई। घटना गुरुवार को सुबह लगभग दस बजे की बतायी जाती है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका फूल तोड़ने जा रही थी तभी चौदह चक्का ट्रक क्र सी जी 08 ए एक्स 1834 का चालक जो ट्रक को कहीं ले जाने के लिए रिवर्स कर रहा था कि महिला पीछे चक्के के चपेट में आ गई। उसकी वहीं पर मौत हो गई।घटना के बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी, वहीं सूचना मिलने पर नगर की पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची व आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पी एम के लिए भिजवाया गया। वही ट्रक को थाने लाकर आवश्यक कार्यवाही की गई। टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि प्रार्थी दिलशाय पटेल की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।



# आयोध्या में श्रीरामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सालों की प्रतीक्षा के बाद बुजुर्गों को मिले श्रीरामलला दर्शन के सुखद अवसर



जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने आयोध्या रामलला के दर्शन करने जाने वाले जिले के श्रद्वालुओ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू भी उपस्थित थे।

तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर व तोमन साहू ने तीर्थ यात्रियो को फूल माला पहनाकर भाल पर तिलक लगाकर बुजुर्गो का आर्शीवाद लिया। तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा हमारे प्रदेश की भाजपा सरकार संदेवनशील सरकार है, हमारी सरकार के मुखिया विष्णु देव साय आम जनता की पीड़ा एवं भावना को समझते है, यही कारण है कि सरकार बनने के बाद भाजपा सरकार ने तीर्थ यात्र योजना को पुनः प्रारंभ कर दिया। तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा 500 सालो की लंबी प्रतिक्षा के बाद आयोध्या मे श्रीराम लला का मंदिर बना है। जिले के सैकड़ो बुजुर्गो ने इस रामलला के मंदिर के लिए सहयोग किया है। उनकी भी इच्छा थी कि वे भी श्रीरामलला के दर्शन करने आयोध्या जाए, लेकिन विभिन्न परिस्थितियो के कारण वे नही जा पा रहे थे, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर बुजुर्गो को श्रीराम लला के दर्शन करने भेज रहे है।

बुजुर्गो ने भी कहा कि उनकी मन की इच्छा विष्णु देव सरकार ने पूरी की है। तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने जिले के समस्त बुजुर्गो से आव्हान किया है कि वे शासन की योजना का लाभ ले एवं पंचायत जाकर योजना के संबंध मे पूरी जानकारी लेकर योजना का लाभ ले। तारणी ने कहा हम सदैव जनता के हित मे उन्हे सरकार की योजना का सही व पूरा लाभ मिले इसके लिए प्रयासरत है।

### जिले के सभी थानों में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# विजयदशमी पर जिला पुलिस ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बालोद जिले में विजयदशमी दशहरा पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया।

रक्षित केंद्र बालोद सहित जिले के सभी थानों और पुलिस लाइन में विधिवत तरीके से अस्त्र-शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों की पूजा की गई। रक्षित केंद्र जिला बालोद में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर की उपस्थिति में समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शस्त्रागार में रखे गए अस्त्र-शस्त्रों तथा वाहनों का विधि पूर्वक पूजन कर परंपरा का निर्वहन किया गया।



शस्त्र पूजन कार्यक्रम में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, डीएसपी राजेश बागड़े, सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी माया शर्मा, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, यातायात प्रभारी रविशंकर पांडे समेत जिले के सभी थाना प्रभारी और पुलिस स्टाफ शामिल हुए। दल्लीराजहरा सहित पूरे जिले में पुलिस थानों व चौकियों पर भी विधि-विधान से अस्त्रों की पूजा की गई, जहां अधिकारी और जवानों ने परंपरा के अनुरूप हवन-पूजन कर शस्त्रों का सम्मान किया। विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन की यह परंपरा पुलिस बल की वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की प्रतीक बनी हुई है।



AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप

### दशहरा देखकर लौट रहे व्यक्ति पर हमला, अपराध दर्ज

**बालोद।** शहर में दशहरा देखकर अपने बच्चों के साथ ठेले पर घर लौट रहे एक व्यक्ति के साथ पांच लोगों ने मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित कामता प्रसाद साहू निवासी ग्राम रानीतराई ने बताया कि गुलाब गोस्वामी, विजय ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, शिवा सारथी, और दुर्गेश गोस्वामी 1 अक्टूबर की रात 10 बजे बजरंग बली मंदिर के पास थे। इस दौरान वह रावण दहन देखकर बच्चों को ठेले में बैठाकर घर लौट रहे थे। इस दौरान आरोपियों ने उनके ठेले को जोर से धक्का दे दिया। जब पीड़ित ने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज किया, चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट की। इस हमले में पीड़ित के होंठ और दाहिने हाथ की हथेली में चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5), और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**बालोद।** मोपेड के माध्यम से घर के मवेशियो के चारे के लिए कोढ़हा लेने जा रहे बुजुर्ग को ट्रक ने ठोकर मार दी जिसके बाद गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। जिसके बाद बुजुर्ग के बेटे के द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184एलकेएस, 106(1) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। धनेली चौक गुरूर निवासी खेमू राम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 01 अक्टूबर को मेरे पिताजी परदेशी राम सिन्हा अपने मोपेड टीव्हीएस सुपर एक्सल क्रमांक सीजी 24 ई 0933 से कोढहा लेने के लिये गुरूर आया था जो कोढहा खरीदकर वह घर बोरतरा घर जा रहा था। तभी धनेली चौक गुरूर के पास पहुंचा था कि करीबन शाम 05:20 बजे बालोद तरफ से सामने से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीए 6418 चालक द्वार वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुये मेरे पिताजी को एक्सीडेंट कर दिया एक्सीडेंट करने से सिर में एवं पैर में गंभीर चोट आने से मृत्यु घटना स्थल में हो गया, मैं वहीं के दुकान के पास बैठा था तभी कुछ लोग मेरे बताये कि आपके पिताजी का एक्सीडेंट हो गया है तब मैं जाकर मौके पर देखा मेरे पिताजी के सिर एवं पैर में गंभीर चोट आया था एवं उनका मृत्यु हो गया था।

## पेज 11 के शेष

### 30 फीट ऊंचे रावण ...

के अधिकारी-कर्मचारी पूरे आयोजन स्थल पर मुस्तैदी से डटे रहे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जगह-जगह जवान तैनात किए गए थे। भीड़भाड़ के बावजूद देर रात तक व्यवस्था नियंत्रित और शांतिपूर्ण बनी रही। रावण दहन के दौरान मंच से वक्ताओं ने दशहरा पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की, अहंकार पर विनम्रता की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। आज भी समाज को यही संदेश ग्रहण करने की आवश्यकता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः अच्छाई की जीत निश्चित है।

### महिला की ...

से जांच की जाएगी। इस सनसनीखेज हत्या से पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

---

**जायजा**

# केन्द्रीय अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर ने लिया आदि सेवा पखवाड़ा कार्यों का जायजा

## कलेक्टर ने मुक्तिधाम निर्माण को दी सहमति, अतिरिक्त सचिव ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित आदि सेवा पखवाड़ा के कार्यों का जायजा लेने भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं केन्द्रीय जनजातीय कार्य मामले के अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा एवं दानीटोला में आयोजित विशेष ग्राम सभा में शामिल होकर विलेज विजन प्लान 2030 के कार्यों का अवलोकन किया। मनीष ठाकुर ने विलेज विजन प्लान 2030 के निर्माण के संबंध में ग्रामीणों एवं जनजातीय परिवार के लोगों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। अतिरिक्त सचिव ठाकुर ने जनजातीय परिवार के लोगों से चर्चा कर उनके गांव एवं अंचल तथा जनजातीय परिवार के लोगों के प्रमुख मांगों एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली।

ठाकुर ने जनजातीय परिवार के लोगों को उनके कल्याण हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने तथा गांव एवं आदिवासी अंचलों में



मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु विशेष ग्राम सभा में आयोजित जनजातीय परिवार के लोगों से चर्चा कर उनके मांगों एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। मनीष ठाकुर ने गांव में शिक्षा का स्तर, प्रमुख फसल, व्यापार व्यवसाय, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल की सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्र्ता से केन्द्र में कुल धात्री एवं गर्भवती माताओं की संख्या के अलावा कुपोषित बच्चों की संख्या की जानकारी ली।

उन्होंने कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी लाने हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली तथा इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित कराने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने बीमार लोगों को समय पर अस्पताल पहुँचाने हेतु 108 वाहन सुविधा तथा ग्राम गुजरा में पुस्तकालय निर्माण करने की मांग की। अधिकारियों ने अपनी सहमति दी।

मनीष ठाकुर ने ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप ग्राम गुजरा के तालाब में पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनके समुचित देखरेख की उपाय भी सुनिश्चित करने को कहा। मनीष ठाकुर ग्राम पंचायत कार्यालय दानीटोला में महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। श्री ठाकुर ग्राम पंचायत दानीटोला में ग्रामीणों के घरो में पेयजल एवं निस्तारी हेतु समुचित मात्र में पानी की उपलब्धता के अलावा गांव में सिंचाई सुविधा तथा ग्राम दानीटोला में निवासरत जनजातीय परिवार के अंतर्गत प्रमुख जातियों के नाम, आजीविकामूलक गतिविधि, गांव में लखपति दीदियों की संख्या, ग्राम दानीटोला में महिला, पुरूष एवं बच्चों की शिक्षा की स्थिति, गांव की प्रमुख फसल, व्यापार–व्यवसाय की जानकारी के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, वनाधिकार पत्रधारी परिवारों की संख्या एवं मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा ग्राम दानीटोला में मुक्तिधाम निर्माण करने की मांग की। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने ग्रामीणों द्वारा ग्राम दानीटोला में मुक्तिधाम निर्माण पर अपनी सहमति देते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को तत्काल इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर ग्राम की महिलाओं के द्वारा वार्ड नंबर 04 दानीटोला में पेयजल हेतु बोर खनन तथा स्कूल में समुचित मात्र में शिक्षकों की पदस्थापना की भी मांग की।

---

## वेटलिफ्टिंग चैपियनशिप में जिले के 6 महिला और 2 पुरुष खिलाड़ी होंगे शामिल



**बालोद।** बलौदाबाजार में 10 से 12 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वेटलिफ्टिंग चैपियनशिप का आयोजन होना है, जिसके लिए जिला बालोद वेट लिफ्टिंग जिला टीम का चयन फिटनेस वर्ल्ड जिम में 30 सितंबर को किया गया। इसमें बालोद जिला के 6 महिला खिलाड़ियों एवं 2 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये चयनित खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगे। इन चयनित खिलाड़ियों को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष टोमन साहू, युवा नेता दिनेश्वर साहू, जिला वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव नरेंद्र कुमार साहू, कोच प्रकाश देशमुख, फिटनेस वर्ल्ड जिम के कोच आकाश मेश्राम एवं फिटनेस वर्ल्ड टीम के महिला कोच पुष्पा ठाकुर के अलावा फिटनेस वाले जीम के समस्त सदस्यों ने हर्श व्यक्त की।

## प्रतीक का वेटलिफ्टिंग में चयन होने पर विधायक ने किया सम्मन



**गुरूर।** ग्राम घोघोपूरी और पेंवरो सेक्टर अध्यक्ष देवेंद्र शांडिल्य के पुत्र प्रतीक शांडिल्य का चयन स्पेशल ओलंपिक भारत वेटलिफ्टिंग नेशनल छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। इस खुशी के मौके पर संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमिटी गुरुर तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर दुर्गुराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच डांडेसरा टोमन साहू, महामंत्री कांग्रेस कमेटी गुरूर सादिक अली, अध्यक्ष महिला कांग्रेस गुरूर राजश्री क्षत्रिय उनके निज निवास पहुंचकर प्रतीक एवं उनके पूरे परिवार का सम्मान कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर राज श्रीक्षत्रिय, देवेंद्र शांडिल्य, सरपंच घोघोपुरी तरुना गावरे, ग्रामीण अध्यक्ष घोघोपूरी ईश्वरी ठाकुर, ग्राम पटेल भेलू राम साहू, बंशीलाल देशमुख, शिक्षक वीरेंद्र साहू, विष्णु ठाकुर, हरि राम साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्राम चुल्हापथरा में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई



**गुरूर।** ग्राम चुल्हापथरा मे 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। ग्रामीणो ने भारत के दोनो महान सपूतो को नमन कर उनके कार्यो एवं संदेशो पर चर्चा की। ग्रामीणो ने कहा ऐसे आयोजनो से हम अपने आने वाली पीढ़ी को बताते है कि कैसे महान लोगो के त्याग, बलिदान से देश पुनः विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। इस दौरान गौकरण साहू, पुरूशोत्म साहू, गैंदलाल साहू, टीकाराम साहू, अनरूद्ध साहू, कृपाराम रावटे, मन्नाराम चिराम, खेमलाल साहू, नूतन दास मानिकपुरी, मनोज भंडारी, जालम सिंह साहू, चन्द्रहास, थानसिंह, मोहित सिंन्हा व ग्रामीण व बच्चे सम्मिलित हुए।

---



## महाआरती के बाद मां दुर्गा का विसर्जन

**बालोद/निकुम।** अंचल में नवरात्रि पर पर्व पूरे नौ दिनों तक भक्तिमय रहा, वही महाअष्टमी पर हवन कर नौ कन्या भोजन कराकर सभी की खुशहाली और मंगल कामना की, पारंपरिक ढंग से देवी सेवा गीत की धुन पर महाआरती कर विसर्जन किया गया, पूरे निकुम सहित अंचल में विसर्जन किया गया। श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण से शोभा विसर्जन यात्र में गांव में घर घर के सामने आंगन में रंगोली सजाकर माता रानी की पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा की श्रद्धा भक्ति के साथ आरती कर मगंल कामना की गई, जिसमें ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ भक्ति में रमे दिखे, पारंपरिक सेवा गीत कंकालिन मोर माया, सरवर नहाए बर चले हो महामाई सहित धुनों पर भक्त झूमते गाते विसर्जन किए।

# स्वच्छता पखवाड़े में छात्रों को बताया गया हाथ धुलाई का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने व हाथ धुलाई को अपने जीवन में उतारने के उद्देश्य से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा में हाथ धुलाई के महत्व को बताया गया। प्राचार्य आरके देवांगन ने बताया कि संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए तथा अपने भोजन की स्वच्छता के लिए हमें हाथ अच्छे से धोना चाहिए।

इससे वायरस और बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। पेचिश, सर्दी, फ्लू, कोविड-19, आंखों से जुड़ी बीमारियां कम हो जाती है। यह अपने शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। हमें भोजन से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद हाथ अच्छे से धोना चाहिए।



कार्यक्रम में व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और पवन सिन्हा ने बताया कि इससे 50 प्रतिशत दस्त संबंधी तथा 20 प्रतिशत श्वसन संबंधी बीमारियों को रोका जा सकता है। इससे बैक्टीरिया और वायरस के प्रचार प्रसार के श्रृंखला टूटती है। विद्यार्थियों के साथ व्याख्याता अजय पाठक ने हाथ धुलाई करते हुए उसके विभिन्न चरणों के बारे में बताया कहा कि हमें लगभग 20 सेकंड तक हाथों को अच्छे से रगड़ते हुए उंगलियां, नाखून, कलाई, हथेली को धोना चाहिए और साफ़ बहते हुए पानी में हाथ धोकर साफ तौलिए से पोंछ लेना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु साहू, बिंदु पटेल के साथ अंजली, दिव्या, साक्षी, उपासना, पल्लवी, चहेक, छबि, मुरली एवं समस्त स्टाफ के साथ पूरा विद्यार्थियों का समूह उपस्थित था।

---

# अंचल के 30 प्रतिशत किसानों का पंजीयन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम निकुम निवासी पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने धान बिक्री के लिए किसानों को एग्रीस्टैक पंजीयन के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। देशमुख ने कहा कि वर्षों से पटवारी और कृषि विस्तार अधिकारी की गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर फसल खरीदी होती थी, लेकिन अब सरकार ने एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। उचित व्यवस्था न होने के कारण दुर्ग में लगभग 30 प्रतिशत किसानों का पंजीयन प्रभावित है। किसान फौती पिता की मृत्यु, बंटवारे या एक से अधिक खसरा होने पर राजस्व रिकॉर्ड में सुधार या ऑनलाइन दिक्कतों को दुरुस्त कराने के लिए लगातार तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। पंजीयन में एक खसरे का रजिस्ट्रेशन होने के बाद दूसरे का तहसीलदार के नाम से पेंडिंग दिखा रहा है। किसानों को नायब तहसीलदार की मनमानी या अत्यधिक दबाव के साथ-साथ बाबू कर्मचारियों के निर्वाचन ड्यूटी या अन्य जगह लगे होने की सूचना मिलती है, जिससे किसान हताश हैं। देशमुख ने आशंका जताई है कि उचित व्यवस्था न होने से किसान इस वर्ष अपनी धान की फसल बेचने से वंचित न हो जाएं। किसान विदेश सुकतेल ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि वह कई वर्षों से अपने बड़े भाई के नाम से धान बेचते थे, लेकिन इस वर्ष एग्रीस्टैक पंजीयन के लिए वह लगातार तहसील कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। रुपेश देशमुख ने शासन-प्रशासन से आर.आई., पटवारी और कृषि विस्तार अधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर सेवा सहकारी समिति स्तर पर या तीन-चार गांवों में शिविर लगाने का आदेश देने की मांग की है, ताकि किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान हो सके।



- किसानों की समस्या को लेकर पूर्व जनपद सदस्य ने सरकार पर साधा निशाना

## कुसुमकसा में शराब, गांजा और नशीली गोलियों का बेखौफ कारोबार

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकासखंड डौंडी के सबसे बड़े ग्राम कुसुमकसा में अवैध शराब, गांजा और नशीली गोलियों की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है, जिससे गांव का शांत वातावरण दूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया है। शिकायत के अनुसार, शासकीय देशी शराब दुकान कुसुमकसा से कोचियों को निर्धारित मात्रा से अधिक शराब दी जा रही है। कर्मचारी भी अवैध बिक्री करने वालों का सहयोग कर रहे हैं, जिसके कारण शराब की पेटियों के पौव्वे बड़े थैलों में भरकर बेखौफ दो पहिया वाहनों स्कूटी से दिन में 10 से 15 बार ले जाए जाते हैं। सरकारी दुकान भले ही निर्धारित समय पर खुलती और बंद होती है, लेकिन शराब कोचियों की चलती-फिरती दुकान गांव में अलसुबह से लेकर रात्रि तक 24 घंटे उपलब्ध रहती है। शराब, गांजा और नशीली गोलियों की आसान उपलब्धता का बुरा असर मासूम बच्चों और युवा वर्ग पर पड़ रहा है। इसके कारण आए दिन पारिवारिक विवाद, मारपीट और घरेलू हिंसा की स्थिति निर्मित हो रही है। ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं, शाम होते ही घरों से बाहर निकलने और चौक-चौराहों पर जाने से डरने लगे हैं।

### आबकारी अधिकारी का जवाब

इस संबंध में दल्लीराजहरा के आबकारी उपनिरीक्षक देवांगन ने हरिभूमि को बताया कि प्रति व्यक्ति को 25 पौव्वा शराब ले जाने की अनुमति है और निर्धारित मात्रा से अधिक शराब नहीं दिए जाने का दावा किया। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद ही कुछ बता पाने की बात कही। साथ ही, उन्होंने दोपहिया वाहनों से शराब ले जाए जाने की जानकारी मिलने पर मामले को दिखवाने का आश्वासन दिया है।

# सहकारी समिति में हुई आमसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुरेदा (डंगनिया) में वार्षिक आमसभा बैठक हुई। कार्यक्रम में समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने बुजुर्ग किसानों का श्रीफल से सम्मान किया। अध्यक्ष ने किसानों को जैविक खेती, गन्ना उत्पादन, तरल डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। समिति के सहायक प्रबंधक रोहित कुमार देशमुख द्वारा समिति के इय व्यय एवं समिति लाभ की स्तिथि में हैं, उपस्थित सदस्यों को ऋण के बारे में प्रोसाहित किया एवं सीएससी के बारे में जानकारी दी एवं धान



बेचने के समय किसान अपना धान को अच्छे से सुखोकर लाना अनिवार्य बताया। पूर्व अध्यक्ष रामसागर सिन्हा द्वारा उपस्थित सदस्यों को नैनो यूरिया एवं जैविक खाद के बारे में जानाकरी सभी किसानों को सरकार का सभी लाभ उठाने की जानकारी दी। इस समिति में तीन गांव आते हैं, गुरेदा, नाहंदा, डंगनिया के किसान सहित समिति के कर्मचारी सहालिपिक खिलेश्वर चन्द्राकर, रामचन्द्र, रोशन साहू, भरतलाल चन्द्राकर, सरपंच महेन्द्र साहू, तीजू राम देवांगन, उत्तम साहू, दमोदर सिन्हा, मोती लाल साहू, दीना साहू, परमानंद, रोहित सोनकर, बिरेन्द्र साहू, मंशा निषाद सहित अन्य किसान भी उपस्थित थे।

---

# ट्रक से टकराया बुजुर्ग, मौत

**गुरूर।** प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा 74 वर्षीय बुजुर्ग को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ा। बुजुर्ग ने भी हेलमेट नहीं लगाया था, जिससे घटना ने बड़ा रुप ले लिया। बोरतरा निवासी पदेशी राम सिन्हा तहसील कार्यालय मार्ग से मुख्य मार्ग पर अपनी मोटर सायकिल से आ रहा था, परदेशी राम मुख्य मार्ग में आ रहे ट्रक को देख नहीं सका एवं चलती ट्रक के बगल से सीधे जा टकराया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना धनेली चौक की है।

नगर के धनेली चौक एवं अम्बेडकर चौक में लगातार हादसा हो रहे हैं। दोनों चौक में ग्रामीण क्षेत्र सड़कों से मुख्य मार्ग में आ रहे वाहनों को मुख्य मार्ग में आने के पहले गति धीमी करने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे वाहन चालक विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालक तेज गति से मुख्य मार्ग मे आते है, जिससे वे हादसे का शिकार हो जाते है। दोनो चौक मे ऐसी दुर्घटना आम बात है। बुधवार शाम को हुई घटना की सीसीटीव्ही फूटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि मोटर सायकिल चालक तेज रफ्तार से आकर मुख्य मार्ग में चल रही ट्रक के बगल में सीधे टकरा जाता है एवं वहीं गिर पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली ग्रामीण सड़कों में गति अवरोध की व्यवस्था रहती तो वाहन चालक की गति धीमी रहती एवं वह मुख्य मार्ग मे चलने वाले वाहनो को देख पाता एवं स्वयं को संभाल पाता। वहीं मुख्य मार्ग मे भी नगर के दोनों प्रमुख चौराहों में गति अवरोध की कोई व्यवस्था प्रशासन ने नहीं की है, जिसके कारण भी दोनों चौराहा रेड जोन में बदलता जा रहा है।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर किया समझौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय और सिद्धाचलम प्रयोगशाला रायपुर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह साझेदारी छात्रों को आधुनिक शैक्षणिक और तकनीकी सुविधाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, छात्रों को आधुनिक तकनीकी उपकरणों और प्रयोगशालाओं तक पहुंच प्रदान करना, जिससे उनके ज्ञान और कौशल में वृद्धि हो सके। दोनों संस्थान विज्ञान और तकनीकी शोध को प्रोत्साहित करेंगे, जिससे छात्रों को परियोजनाओं पर काम करने का अवसर मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से छात्रों को मार्गदर्शन और शोध कार्य में योगदान मिलेगा, जिससे एक सहयोगात्मक वातावरण का निर्माण होगा। सिद्धाचलम प्रयोगशाला छात्रों को शोध के प्रति जागरूक करेगी, ताकि वे सामाजिक जीवन की समस्याओं और उनके समाधान के लिए तैयार हो सकें। डॉ. भावना जैन ने कहा इस एमओयू के माध्यम से शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे। डॉ. के. एन. मिश्रा प्राचार्य, ने इस साझेदारी पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग शैलदेवी महाविद्यालय के छात्रों को नई दिशा और ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा।

# बॉक्सिंग, किकबॉक्सिंग और कराते के माध्यम से बच्चों को सिखाए जा रहे अनुशासन और नशा विरोधी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में तीन वर्षों से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा संचालित शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स अकादमी बच्चों को बॉक्सिंग, किकबॉक्सिंग, कलारीपट्टू, जूडो, कराटे जैसे मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे रहे है, इस अकादमी के बच्चे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय व नेशनल गेम्स में मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किए है। अब अकादमी ने नशा के खिलाफ युद्ध अभियान के अंतर्गत रोशन नगर में नगर पालिका अधिकारी एवं वार्ड पार्षद के सहयोग से बॉक्सिंग क्लब की स्थापना हो रही है। वार्ड नंबर 20 के पार्षद काशीमुद्दीन कुरैशी ने बताया



कि अकादमी के अध्यक्ष किशोर नाथ योगी की एक अच्छी पहल है जो नशे से युवाओं को मुक्त कराने के लिए खेल को हथियार बनाया, वह खुद आमएँ से रिटायर्ड हैं और बॉक्सिंग कोच है जो बच्चों को सिखाने रोशन नगर आयेंगे।

वार्ड निवासी देवेंद्र साहू ने बताया कि यह अकादमी द्वारा बहुत ही अच्छा कदम है और वह वार्ड के बच्चों को बॉक्सिंग सीखने में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाअध्यक्ष नंद किशोर साहू ने नशा के खिलाफ युद्ध के बारे में जानकारी दी कि पूर्व सैनिक जिले के हर गांव में यह अभियान चलाएंगे जिसकी शुरुआत आज रोशन नगर से हो रही है। इस अवसर में राधा बाई कोमरे, शांति बाई साहू, ताजिया यादव, अनुपा बाई यादव, नेमीचंद साहू, शंकर यादव, तामेश्वर साहू, कुंभऋषि साहू तथा अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जुन्नापानी में दीप महायज्ञ हुआ

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में दुर्गा महानवमी के दिन 301 दीप प्रज्वलित कर दीप महायज्ञ संपन्न किया। नव जागृति गणपति उत्सव समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से क्वार माह शुक्ल पक्ष चतुर्थी से लेकर शरद पूर्णिमा तक भगवान गणपति महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करते हैं। यह परंपरा ग्राम में 26 वर्षों से चली आ रही है, जब से भगवान गणपति महाराज की प्रतिमा स्थापना प्रारंभ हुआ है, तब से समस्त ग्राम वासियों का 11 दिवसीय आयोजन में भरपूर सहयोग मिलता है। दुर्गा महानवमी के दिन संध्याकालीन बेला में मां दंतेश्वरी दशहरा मनाने हेतु गांव में आती है उसी समय माता रानी की अगवानी के निमित्त दीप प्रज्वलित कर दीप महायज्ञ संपन्न किया जाता है। आयोजन समिति के द्वारा गणपति स्थल पर दशहरा पर्व की पावन बेला में महतारी की माया रामधुनी परिवार ग्राम भरदा डौंडीलोहारा लोहारा एवं शरद पूर्णिमा के दिन नव किरण नाच पार्टी भडारपुर डोंगरगढ़ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के संरक्षक खम्भन देवांगन, अध्यक्ष सुरेश कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष रोहित कुंजाम, सचिव डिलेश्वर साहू ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कुथरेल में 40 फीट ऊंचे रावण पुतले का किया दहन

**अंडा।** सार्वजनिक दुर्गोत्सव एवं दशहरा पर्व समिति कुथरेल के तत्वावधान में 43 वां वर्ष दशहरा पर्व मनाया जा रहा हैं, 40 फीट का रावण दहन होगा भव्य आतीसबाजी के साथ आज दिनांक 03-10-2025 शुक्रवार श्री राम दरबार का शोभायात्रा एवं रामलीला मंचन - रात्रि 7 बजे से भव्य आतिशबाजी कटक (उड़ीसा द्वारा) एंव रावण पुतला दहन - रात्रि 9 बजे से अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन- रात्रि 10 बजे लोक प्रयाग (नयापारा राजिम) का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 11 बजे से शुभारम्भ, -कार्यक्रम के अतिथिगण ललित चन्द्राकर (विधायक, दुर्ग ग्रामीण, उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण विकास एवं पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन) ताम्रध्वज साहू (पूर्व मंत्री गृह एवं लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन) रमशीला साहू (पूर्व मंत्री, महिला एवं बा.वि.वि. छ.ग. शासन) गोपाल पांड़े पिसेगांव संजय (गोलू) रूंगटा, दुर्ग सिद्धार्थ पारख हिरामन लाल साहू कुथरेल डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू , कुथरेल अध्यक्ष-पुष्पेन्द्र चन्द्राकर (विक्की) उपाध्यक्ष- डॉ. नरेन्द्र दास मानिकपुरी डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष- टीकाराम साहू सचिव-राजेश चन्द्राकर गालव प्रसाद देशमख सह सचिव नारायण प्रसाद यादव अभिषेक चन्द्राकर सहित आस पास के ग्रामीण जन सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहेंगे।

**पर्व :** मां दुर्गा विसर्जन और रावण दहन से ग्रामवासियों ने किया धार्मिक उत्सव का आनंद

# तीन पंडों ने मिलकर की मां दुर्गा की सेवा, भक्तिमय माहौल में हुआ विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नगर बाजार चौक कला मंच में आयोजित सार्वजनिक दुर्गोत्सव इस वर्ष तीन पंडा पंच ठाकुर, पवन ठाकुर और प्रेम ठाकुर की सजगता में भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुवार को संगीतमय सेवा भक्ति के साथ विसर्जन यात्रा निकालकर मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित किया गया।

विसर्जन यात्रा के दौरान, नगर वासियों ने अपने घरों के सामने श्रीफल, धूप, और दीप से मां दुर्गा की पूजा कर उन्हें विदा किया और प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा में एक महिला और एक बालिका वादन और भक्ति के भाव में पूरी तरह लीन होकर, रथ के साथ झूमती रहीं, जो भक्तिमय माहौल को दर्शाता है। विसर्जन यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों जैसे सहाड़ा देव मार्ग, हनुमान राम मंदिर मार्ग, बाजार रोड, पुलिस थाना मार्ग, दुर्ग रोड और शासकीय कॉलेज मार्ग से होते हुए डोंगिया जलाशय पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि जामगांव आर में मां सेवा शीतला समिति 5 दशक से, जय मां सेवा शीतला समिति 2 दशक से और बाल सेवा शीतला समिति ने बारी-बारी से रातों में गायन-वादन के साथ पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि में भक्ति धुन सुनकर भक्त स्वतः ही घरों से निकलकर झूमने लगते हैं। अतीत में गर्भवती महिलाएं भी भक्ति में झूमते देखी गई हैं। जालम सेन ने बताया कि जो भक्त देवी गीत की धुन सुनकर भाव-विभोर हो जाते हैं, उनकी मानता परंपरागत ढंग से की जाती है, जिसके बाद वे शांत होकर सामान्य अवस्था में आ जाते हैं। कामता साहू ने एक अद्भुत दृश्य का उल्लेख करते हुए बताया कि अतीत में, परीक्षा हॉल में बैठे बच्चे भी देवी गीत की धुन सुनकर पेपर छोड़कर दौड़ पड़ते थे।

## धनोरा, दुर्ग में 'बाबा दरबार' में रही कुंवार नवरात्रि की धूम




**अंडा।** पावन धाम धनोरा, दुर्ग स्थित बाबा दरबार में कुंवार नवरात्रि पर्व इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया।

शाम 4 बजे दरबार के लक्ष्मण बाबा जी और पं. विनय शर्मा द्वारा हवन किया गया, हजारों भक्तों ने आहुति डालकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात करीब पांच हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

शाम 4 बजे दरबार से जोत-जवारा विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बजरंग पारा, बाजार चौक, मेनगली, शीतला पारा होते हुए शीतला तालाब पहुंची। गुलाब साहू और हेमंत साहू की मंडली ने शोभायात्रा के आगे-आगे जस गीत गाते हुए माहौल को भक्तिमय बनाया। दरबार की महिलाएं एक ही रंग की साड़ी पहनकर, सिर पर जोत-जंवारा लिए पूरे गांव का भ्रमण किया। भक्तों ने जगह-जगह मनोकामना ज्योति कलश की पूजा-अर्चना की और फूलों की वर्षा की। कार्यक्रम में दरबार के नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू रायपुरीहा, गुलाब साहू, डॉ. धनेशवर साहू, रोहित नागरे सहित कई गणमान्य नागरिक और महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहे।

## कोसमी में हर्षोल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम कोसमी में 1 अक्टूबर दिन बुधवार को धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन एवं रावण दहन का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और मां दुर्गा की शोभायात्रा में शामिल होकर भक्ति और आस्था का परिचय दिया।नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिमा विसर्जन यात्रा का शुभारंभ ध्वज-पताका और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। शोभायात्रा में माता की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर विराजमान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग माता के जयकारों के साथ चल रहे थे। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा आरती एवं पुष्प अर्पित कर यात्रा का स्वागत किया गया। भक्तिमय माहौल से पूरा ग्राम धार्मिक रंग में रंग गया। प्रतिमा विसर्जन के उपरांत रात्रि में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय मैदान में सैकड़ों की भीड़ एकत्रित हुई। रावण का विशाल पुतला तैयार किया गया था, जिसे विधिवत पूजा-अर्चना के बाद अग्नि दी गई। पुतले के धधकते ही "जय श्रीराम" और "सत्य की विजय हो" के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस दौरान आतिशबाजी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष सेवा पिस्दा, दुलार साहू, ललित साहू,तरण साहू, बुधराम साहू, राजेंद्र, राकेश, उमेश, चंद्रपाल, रुमेश पिस्दा,राधे किसान , अतुल शत्रुघन, कोमल हूमन,तोरण,सुमन, पूनम, ग्राम प्रमुख डेरहा गूगेल, सुखदेव साहू, सुरेश गूगेल, भोज किसान, रोहित यादव, राम भगत, रविशंकर, यशवंत यादव, धनुष साहू, मंथीर,जोहित, दिनेश एवं समस्त ग्रामवासी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## नवरात्रि महोत्सव में शामिल हुईं विधायक संगीता



**गुरूर।** ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासी दीयाबाती द्वारा शारदीय नवरात्रि महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा थीं, अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर तामेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैय्याराम सिन्हा, महामंत्री ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर सादिक अली, विधायक प्रतिनिधि डॉ. किशोर साहू, सरपंच ग्राम पंचायत दर्रा पूजा ठाकुर, सेक्टर प्रभारी सोमनाथ साहू, पंच(बूथ अध्यक्ष) किरण साहू, पंच ऐश कुमार साहू, पंच राकेश यादव मंचासीन थे। विधायक संगीता सिन्हा ने नवरात्रि पर ग्रामवासियों को मां दुर्गा के नौ रूपों के बारे में वर्णन कर उनकी पूजा–अर्चना के महत्व के बारे में बताया, उन्होंने मां दुर्गा के नौ रूपों की उपासना कर कैसे हम अपने भीतर आध्यात्मिक उर्जा का संचार कर, अच्छाइयों को ग्रहण कर, त्याग, समर्पण, ज्ञान के बल पर बुराइयों पर जीत प्राप्त कर सकते हैं इस संबंध मे ग्रामवासियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ग्राम विकास समिति भिखम साहू, द्वारीका साहू, ताम्रध्वज यादव, डॉक्टर झुमुख सार्वा, मिश्रीलाल साहू, जसकुमार ठाकुर, मनीराम साहू ग्राम पटेल एवं ग्रामवासी दीयाबाती उपस्थित थे।

## नौ दिन की पूजा-अर्चना के बाद माता दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन





**गुरूर।** नगर में नौ दिनो तक माता रानी की सेवा पूजा अर्चना करने के बाद विजया दशमी के दिन माता की मुर्तियों को जल मे विसर्जित कर बैकुण्ठ के लिए रवाना किया गया। नगर मे शीतला मंदिर व काल भैरव देऊर मंदिर मे मनोकामना ज्योति कलश जलाई गई थी, वही टीकरापारा, बाजार चौक, बस स्टैण्ड, गुलमोहर कॉलोनी मे माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी, गुरूवार को सभी पंडालों की मां दुर्गा के प्रतिमाओ, ज्योत जवारा की एक सांथ शोभा यात्र निकाली गई। शोभायात्र के दौरान नगर सहित अन्य क्षेत्र के देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया था। डांग डोरी जवारा के साथ शोभायात्र ने पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान मार्ग मे श्रद्धालु विभिन्न माध्यमो से माता जी की सेवा कर आशीर्वाद लिया, जगह जगह आरती उतारी एवं उनसे आर्शीवाद लिया। गणेशिया तालाब मे सभी प्रतिमाओं को जल मे समाहित किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन पुरे समय सतर्क रही एवं यातायात व्यवस्था को व्यावस्थित करती रही।

## विधायक संगीता ने मातारानी को चढ़ाया श्रृंगार



**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा द्वारा गुरूर, बालोद अंचल के क्षेत्रवासियों एवं किसानों की सुख–समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए गुरूर के शीतला मां मंदिर में जाकर शीतला मां की पूजा–अर्चना करके मातारानी को श्रृंगार सामग्री भेंट की। इस अवसर पर महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमित राजपूतएवं शीतला मां मंदिर समिति के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## पीपरछेड़ी में जस गीत गाकर किया मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन




**बालोद।** पीपरछेड़ी में मां दुर्गोत्सव समिति एवं नव दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान में मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन गुरुवार को देर शाम तक किया गया। श्रद्धालुओं ने गाजे–बाजे के साथ थिरकते हुए अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण देकर भारी मन से मां दुर्गा व अन्य देवी–देवताओं को विदा किया।

इसी के साथ शारदीय नवरात्र में दस दिनों तक चले इस उत्सव का समापन हो गया। मां दुर्गा प्रतिमा को ग्राम के बीचोबीच श्रीराम कोठी चौंक से माता रानी की शोभायात्र निकालकर, बाजार चौंक, कुंआ चौंक, आवास पारा, नेहरू चौंक की परिभ्रमण कराया गया।

नेहरू चौंक से पुनः माता रानी की प्रतिमा की विसर्जन के लिए तालाब के पास पहुंचे, जहा समिति और ग्रामवासीयों द्वारा मां दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना कर नम आंखों से विसर्जित किया गया। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में सकुशल मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। बालोद जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रें में एक दिन पहले प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया हैं वहीं देर रात को ग्राम पीपरछेड़ी में वैकल्पिक राम लीला मंडली समिति के द्वारा रात्रिकालीन में रावण का वध कर बुराई का अन्त और अच्छाई की हमेशा जीत होने का संदेश संप्रेषित किया गया।

**दुर्गाष्टमी पर सामूहिक दुर्गापाठ कर वैदिक मंत्रों का जाप किया**

# मातृशक्ति संगठन की महिलाओं ने किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर के शिकारीपारा वार्ड में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति संगठन की महिलाओं ने शस्त्र पूजन किया व आदिशक्ति मां दुर्गा की आराधना की। नवरात्रि के पर्व पर बालोद जिले में विहिप संगठन से जुड़ी महिलाओं ने बालोद शहर के कई दुर्गा पंडालों व मंदिरों में शस्त्र पूजन किया व दुर्गाष्टमी कार्यक्रम पर सामूहिक दुर्गापाठ कर वैदिक मंत्रों का जाप किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विहिप जिला बाल संस्कार शाला प्रमुख पूजा जैन ने कहा कि हिंदू संगठन सेवा, सुरक्षा, संस्कार के मूलमंत्रो को लेकर विश्व कल्याण की भावना से काम करती है। विश्व हिन्दू परिषद संगठन की मातृशक्तियां और बेटी बहने सेवा सुरक्षा संस्कार के धेय वाक्य को अपने जीवन में अपनाकर कार्य करते हुए धर्म की मजबूती और राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान कर रही है। संगठन से जुड़कर महिला बहने दुराचार, कुरीतियों, भ्रष्ट्राचार के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। समाजहित में निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य से जुड़कर समाज को धर्मान्तरण से बचाने के लिए बड़ी भूमिका निभा रही है। सुरक्षा कार्य के अंतर्गत जिले में बहनों को अपनी अस्मिता की रक्षा आत्मसुरक्षा, आत्मसम्मान के साथ रहने जागरूक कर रही है।

पूजा जैन ने कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि हमने हिंदू कुल में जन्म लिया है। आज बेटियों को विशेष धर्म द्वारा चलाए जा रहे लवजिहाद से समाज की बेटियों को बर्बाद होने से बचाना है। हम बहनों को अपने परिवार अपने बच्चों को अपने धर्म के संस्कारों को रुचिपूर्वक आत्मसात करने में सहयोग देना होगा, तभी एक स्वस्थ कुटुम्ब, समाज का राष्ट्र का निर्माण होगा। कार्यक्रम को विहिप मातृशक्ति संगठन की शहर मंत्री भारती बांडे ने कहा कि नवरात्रि हम हिंदुओं का प्रमुख हिंदू त्यौहार है। इसमें हम सभी देवी दुर्गा माता के नव रूपों की पूजा करते हैं। यह पर्व शक्ति, साहस और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। नवरात्रि में हम सभी मिलकर व्रत,पूजा और आरती करते हैं। माता की साधना में लीन रहते हैं। आज विश्व हिंदू परिषद के द्वारा जो आयोजन किया हैं। वह समाज में नई पीढ़ी को शक्ति व साधना, व्रत, तप करने की विधि का भान कराएगा,वर्तमान समय में बदले माहौल में हम सभी को अपनी सनातन परंपरा, पूजा पद्धति व संस्कारों से जुड़कर रहने की बड़ी आवश्यकता है। जिस प्रकार से मां आदिशक्ति दुर्गा ने विश्व कल्याण के लिए महिषासुर का मर्दन किया उसी प्रकार हम मातृशक्तियों व बेटियों को भी धर्म समाज को कमजोर करने,बांटने वालों से पूरी ताकत के साथ मुकाबला करना होगा ताकि सनातन धर्म परंपरा का ध्वज हमेशा शान से लहराता रहे। कार्यक्रम में पूजा जैन, भारती बांडे, शशिकला, शकुंतला सोनी, भावना ढीमर, सल्या बहन, संतोषी बहन, रानू बहन, त्रिवनी बहन, भाना बहन सहित समिति के अन्य सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### खड़े ट्रक से टकराकर बाइक चालक युवक की मौत

**बालोद।** सड़क मे बिना पार्किंग लाईट व सांकेतिक चिन्ह के खड़े ट्रक से टकराकर बाईक चालक युवक की मौत हो गई जिसके बाद मृत युवक के पिता ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। ग्राम हथौद निवासी शिव कुमार रावटे ने पुलिस को बताया कि 01 अक्टूबर के रात्रि करीब 11 बजे मैं ग्राम हथौद में था उसी समय ग्राम हथौद का रहने वाला जीवन लाल चुरेन्द्र मुझे मोबाइल से सूचना दिया कि भावेश कुमार रावटे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलएच 4133 से भण्डेरा की ओर आकर भण्डेरा मेन रोड प्रवेश द्वार के पास ट्रक क्रमांक सीजी 08 जेड 3437 से टकारा गया है। तब मैं ग्राम भण्डेरा प्रवेश द्वार के पास पहुंचा तो देखा कि ट्रक क्रमांक सीजी 08 जेड 3437 के चालक द्वारा बिना पार्किंग लाईट व सांकेतिक चिन्ह के खतरनाक ढंग से सडक के ऊपर ट्रक को खडा करने पर मेरे पुत्र भावेश कुमार रावटे अपने मोटर सायकल सहित ट्रक के पीछे टकराकर एक्सीडेंट होने से उसके सिर, कमर, व पैर में चोंटे आने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**बालोद।** अपने परिवार वालो के यहां घुमने गए युवक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया, जिसके बाद मौके पर ही युवक की मौत हो गई, जिसके बाद युवक के भाई ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने 184 एलकेएस, 106, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम कोसमी थाना खडगांव जिला मानपुर मोहला अंबागढ चौकी निवासी लोकेश्वर दास साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा छोटा भाई दरबार सिंह 01 अक्टूबर को रिश्तेदारो के घर घुमने गया था, मै 01 अक्टूबर को अपने घर पर ही था, शाम करीबन 05 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर बताये कि आपके छोटे भाई दरबार सिंह का ग्राम झीकाटोला व हितकसा के मध्य गौठान के पास एनएच 930 मेन रोड में एक्सीडेंट हो गया है, सूचना पाकर गांव के ग्राम पटेल रोहित कुमार मंडावी व उपेश कुमार रामटेके के साथ आकर देखा तो मेरा छोटा भाई हितकसा मोड के पास मृत हालत में पडा था, उसकी सिर, सीना एवं हाथ पैरों में गंभीर चोट आने से क्षतविक्षत हो गया है।

### पेंशनरों की जिला बैठक डौंडी लोहारा में 6 अक्टूबर को

**डौंडी लोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज जिला बालोद एवं तहसील डौंडी लोहारा का संयुक्त जिला बैठक आगामी 06 अक्टूबर दिन सोमवार को अपरान्ह 12 बजे नया पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने डौंडी लोहारा में आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में जिला पेंशनर समाज बालोद के पदाधिकारी एवं गुंडरदेही, गुरुर, मारो, बांगला देवरी, डौंडी, अर्जुंदा, बालोद तथा डौंडी लोहारा तहसील के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में परिवार पेंशन, नामिनी, पेंशनर संगठन, जीवित रहने का प्रमाण पत्र भरने, तहसील स्तर पर पेंशनर भवन की आवश्यकता, जिला बैठक की उपलब्धि एवं पेंशनरों की टी.डी.एस. कटौती एवं निपटान जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं अपनी-अपनी समस्याएं भी सदस्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जी.के. साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा उद्बोधन देंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## जयंती : दो सप्ताह तक चला पखवाड़ा, सफाई कर्मियों व स्वच्छता दीदियों को किया गया सम्मानित

# गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्ली राजहरा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा द्वारा चलाए गए "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का समापन गांधी चौक पर हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की और नगरवासियों से आह्वान किया कि स्वच्छता को आदत बनाकर ही गांधीजी के सपनों का भारत साकार किया जा सकता है।



### स्वच्छता पखवाड़े में हुए विविध कार्यक्रम

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चले इस अभियान में नगर पालिका ने कई सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए। इनमें स्वच्छता जागरूकता रैली, सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, धार्मिक स्थलों की सफाई, स्वच्छता श्रमदान और ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल रही। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी का भाव जगाना था।

### सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान

समापन अवसर पर नगर पालिका ने उन स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मियों को सम्मानित किया जो लगातार शहर को साफ-सुथरा रखने में जुटे रहते हैं। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा— "सफाई कर्मी समाज के गुमनाम नायक हैं, जिनकी मेहनत के बिना स्वच्छ भारत अभियान अधूरा है। हम सबको मिलकर स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।"

### नागरिकों की जिम्मेदारी जरूरी

नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा—

"स्वच्छता ही सेवा है, और यह सेवा हर नागरिक के व्यवहार और जीवनशैली में उतरनी चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तभी हमारा शहर स्वच्छ और आकर्षक बनेगा।"

### बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद

समापन अवसर पर पार्षद गण, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक विक्रांत साहू, पंकज चंद्राकर, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की महिला समूह सहित नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्वच्छता ही सेवा अभियान ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि समाज की साझा जिम्मेदारी है।



## चिखलाकसा नगर पंचायत में गांधी जयंती मनाई गई

**दल्लीराजहरा।** नगर पंचायत चिखलाकसा में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय भवन में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता शपथ ग्रहण कर गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, पार्षद हेमकुंवर तारम (वार्ड 01), शांतनु मेश्राम (वार्ड 02), ताराचंद पाथोडे (वार्ड 03), बसंत कुमार कोरेटी (वार्ड 05), खेदूसिंह गौतम (वार्ड 06), भिखी मसिया (वार्ड 07), लल्लू राम टेकाम (वार्ड 08), नूतन दास (वार्ड 09), सुनीता गुप्ता (वार्ड 10), बसंत जैन (वार्ड 11), संध्या शर्मा (वार्ड 12), विमला जैन (वार्ड 13), संतोष झा (वार्ड 14), लीला डडसेना (वार्ड 15) उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्व उपाध्यक्ष भरत भाई पटेल, पूर्व पार्षद लता पाथोडे, भाजपा नेता बृजमणि यादव, हितेश मेश्राम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, महिला स्व सहायता समूह की सदस्य, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, सफाई मित्र और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण और स्वच्छता शपथ रहा, जिसमें नगरवासियों ने स्वच्छ और सुंदर चिखलाकसा के निर्माण का संदेश दिया।

## सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती तक सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न सेवा कार्य किया गया। जिसमें स्वच्छता, रक्त दान शिविर, एक पेड मां के नाम, मैराथन दौड़, स्वास्थ्य शिविर शामिल हैं।

इसी तारतम्य में डौंडी लोहारा भाजपा मंडल के द्वारा प्रदेश व जिला संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए सभी आयोजन को सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा की अध्यक्षता में सभी को अमलीजामा पहनाया गया। सेवा पखवाड़ा के अन्तिम दिवस स्थानीय टिकरापारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 214 आमजनों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। उन्हें मौके पर ही जरूरत के अनुसार औषधि वितरण किया गया तथा ईलाज कराने का भी सलाह दिया गया। इस अवसर पर राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, बंटी चोपड़ा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, मंडल महामंत्री द्वय सोमेंद्र देशमुख, दुष्यंत गिरी,मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गैंदमल भंसाली, सुरेश देशमुख, सुभद्रा टांडेकर, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद,धीरेन्द्र टांक, धीरज जैन, आरती संचेती, मनीराम बघेल, दिलीप बाफना ,हिरेन्द्र गायकवाड, प्रीतम साहू, पूर्व पार्षद जिवराखन कौमार्य, माया ठाकुर, पार्षद सूर्यकला ठाकुर, रेवती कोलियारे, अनिता सिन्हा, भुवन लाल यादव, धर्मेन्द्र देवांगन, अजय बाफना सहित अनेक कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम बेलोदी में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई गई



**बालोद/सिकोसा/लाटाबोड़।** सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के तहत बुधवार को ग्राम बेलोदी के बूथ नंबर 279 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया। जिसमें जिला संयोजक जिला प्रकोष्ठ डॉक्टर रोहित साहू बूथ अध्यक्ष द्वय प्रेम सुख साहू , वीरेंद्र साहू ,महामंत्री आशीष साहू, युवा मोर्चा सदस्य नरेंद्र साहू ,साहू समाज उपाध्यक्ष शशि साहू, चीमन साहू ,विजय साहू, त्रिभुवन साहू, रेवाराम,डामन साहू एवं हरिराम ठेकेदार उपस्थित हुए।

## महात्मा गांधी जी की जयंती मनायी गई



**डौंडीलोहारा।** नगर से लगे हुए ग्राम अंडी में महात्मा गांधी जी की जयंती धूमधाम से मनाया गया, गांधी जी प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर बापू जी को याद किया गया। गांधी जयंती जी की जयंती पर सरपंच ग्राम पंचायत अंडी संतोष कुमार जैन जी ने लोगो को गांधी जी के कार्यों व अहिंसा परमो धर्मा के बारे से बताया और समस्त ग्रामवासियों को भाई चारा के साथ रहने का सन्देश दिया व गांधी जी के विचार को आत्मसात करने की अपील की।इस अवसर पर उपसरपंच श्रीमती देवकुमारी अटल, जीवन साहू ,झुम्मन साहू , मांगी लाल पटेल, खोमेश साहू, दीपक अटल, सेवन्त मानिकपुरी सहित ग्राम की महिलाएं व नागरिकगण भी मौजूद थे।

## कांग्रेस भवन में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती



**डौंडीलोहारा।** गुरुवार को नगर के कांग्रेस भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधायक अनिला भेड़िया की विशेष उपस्थिति में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई। विधायक भेड़िया सहित उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं ने दोनों ही महापुरुषों के फ़ोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि दोनों ही महापुरुषों का जीवन भारतमाता की सेवा करते हुए व्यतीत हुआ। ऐसे महापुरुषों की जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा ही देश सेवा के लिए अग्रसर रहना चाहिए। प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि गांधी-शास्त्री जी के देशप्रेम व देश सेवा के कार्य अविस्मरणीय है। वरिष्ठ कार्यकर्ता हस्तीमल साँखला ने कहा कि ऐसे महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। विधायक प्रतिनिधि गोविंद चन्द्राकर, जिप सदस्य राजाराम तारम, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, माधव गिरी गोस्वामी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।उक्त अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने गांधीजी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम को एक साथ गाया। इस अवसर पर राजेन्द्र निषाद, सरोज पटेल, संजय गुप्ता, किशोर दीवान, जुगरु बघेल, राकेश सांखला, शेख फरीद सिद्दीकी, कल्याण गिरी, लोकनाथ निषाद, शेखर चुरेन्द्र, बिमला ठाकुर ,अमृत खरे, इशाक खान आदि मौजूद रहे।

## अपर कलेक्टर लकरा ने गांधी को दी श्रद्धांजलि, अधिकारी-कर्मचारी भी रहे उपस्थित



**बालोद।** अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सयुंक्त जिला कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**डौंडीलोहारा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक के कार्यक्रम के अवसर पर पूरे देश मे प्रदेश नेतृत्व एवं बालोद जिलाध्यक्ष श्री चेमन देशमुख के निर्देशानुसार भाजपा मंडल रेंगाड़बरी के ग्राम मंगचुवा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया,एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जयंती एवं भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर आज बाजार चौक मंगचुवा मण्डल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने गांधी जी के प्रतिमा और लाल बहादुर शास्त्री जी के छाया चित्र पर फूल, माला, तिलक माल्यार्पण कर जयकारें के साथ दोनों महापुरुषों के जीवनी के बारे में विमोचन किया गया। इस मौके पर भाजपा मण्डल महामंत्री पूनमचंद जैन,घनश्याम सिंह गोरे, रोहित कुमार धलेन्द्र, कोमल सिंह दुग्गा, बाबू लाल भुआर्य, सखा राम गवरना,भारत राम भांडेकर, लिकेश कुमार मेरिया, सुखदेव राम मेरिया, बेनु राम साहू , पवन कुमार साहू अकुंश कुंजाम, सरपंच उमा जैन,पंच,रूपोतीन बाई नायक, रेवती बाई कोलयारे,कल्याणी टांडेकर,गोदावरी बाई नायक,सरिता बाई राणा, आशा राम, कवल साहू, नूतन साहू आदि कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री को ग्राम मोखा में दी गई श्रद्धांजलि



**गुरूर।** ग्राम मोखा के गांधी चौक मे महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मोखा के सरपंच अश्वनी युगलकिशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, वार्ड पंचगण, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशीराम कलिहारी, कोषाध्यक्ष उदयराम ठाकुर, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक कचरूराम साहू, पदुम सिंह केशरी, रामेश्वर यादव ग्राम की माताए और समस्त ग्रामवासी जन उपस्थित थे।

## आदि कर्मयोगी अभियान की जमीनी हकीकत जानी

# अजा क्षेत्रों में विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे केंद्रीय अतिरिक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव मनीष ठाकुर ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन 2 अक्टूबर को डौंडी विकासखंड के गुजरा, दानीटोला और भैंसबोड़ का दौरा किया। उन्होंने इन जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य केंद्र, प्रधानमंत्री आवास और अमृत सरोवर जैसी विभिन्न विकास परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। ठाकुर ने गुजरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की संख्या, दवाइयों की उपलब्धता, इलाज की व्यवस्था, कर्मचारियों की संख्या और सिकलसेल व एनीमिया जांच जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डी विकासखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, जिसमें बीएसपी का अस्पताल और राज्य शासन द्वारा संचालित 100 बिस्तर वाला अस्पताल शामिल होने की जानकारी दी। उन्होंने मितानिनों से भी उनके कार्यों के संबंध में चर्चा की। स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की। गुजरा में उन्होंने सरस्वती महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य रोमबती के निवास पर जाकर उनके सिलाई कार्य का अवलोकन किया और राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान) से मिले सहयोग और आय के बारे में पूछताछ की। इसी गांव में उन्होंने मुर्गी पालन के कार्य में लगी समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनकी आमदनी, आहार व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी ली। दानीटोला में अतिरिक्त सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों सुमित्रा बाई और सुखित राम के नवनिर्मित आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने किश्त की राशि मिलने और आवासों में शौचालय तथा सोख्ता गड्ढा निर्माण की जानकारी ली, जिसके निर्माण को उन्होंने आवश्यक बताया। हितग्राहियों ने उन्हें प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर सहित अन्य सुविधाएं मिलने की भी जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम सुरेश साहू सहित स्थानीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411